गैरसैंण, गुरूवार
12 सितम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 126 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969
email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत बन गई : अमित शाह

नई दिल्ली ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना उनकी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। अमित शाह ने इसके साथ ही आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू–कश्मीर में जेकेएनसी के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है।उन्होंने आगे कहा , भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है।आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए अमित शाह ने आगे कहा, राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।


### शिमला में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर उग्र प्रदर्शन, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

शिमला ,शिमला में एक मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर हालिया तनावपूर्ण स्थिति ने उग्र रूप ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने संजौली में पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ते हुए पथराव किया, जिसके परिणामस्वरूप एक सिपाही और एक प्रदर्शनकारी घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का प्रयोग किया।प्रदर्शनकारी ढली टनल में लगे बैरिकेड्स को तोड़ते हुए संजौली की ओर बढ़े, जहां उन्हें एसबीआई के बाहर फिर से रोका गया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, जिससे हिंसा भडक़ गई। गुस्साई भीड़ के बैरिकेड तोडने की कोशिश पर पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का प्रयोग किया। इस कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।संजौली में विवादित मस्जिद का निर्माण 1947 से पहले हुआ था और 2010 से इसके पक्के निर्माण को लेकर नगर निगम को शिकायतें मिल रही हैं। नगर निगम ने 35 बार अवैध निर्माण हटाने के आदेश जारी किए हैं।शिमला में धारा 163 लागू की गई है, जिसके तहत सुबह 7 बजे से रात 11:59 बजे तक 5 या इससे अधिक लोगों के इक्_ा होने पर प्रतिबंध है। पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला है और ड्रोन से इलाके की निगरानी की जा रही है।हिंदू जागरण मंच के नेता कमल गौतम को हिरासत में लिया गया है और कई अन्य नेताओं को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया जा रहा है। पुलिस ने ढली टनल के पास आवाजाही बंद कर दी है।

### लिव इन में रह रहे जोड़ों को मिले सुरक्षा, भले ही शादी किसी गैर से कर रखी हो : हाईकोर्ट

नई दिल्ली , पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसले में कहा है कि लिव–इन में रह रहे वैसे जोड़े भी सुरक्षा के हकदार हैं जिन्हें सुरक्षा का खतरा हो, भले ही उस जोड़े में से कोई भी किसी गैर के साथ विवाहित क्यों न हो। यश पाल बनाम राज्य सरकार के एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ ने कहा कि ऐसे लिव–इन रिलेशनशिप के सामाजिक और नैतिक प्रभाव के बावजूद, उस जोड़े को विभिन्न स्वरूपों में स्वायत्तता भी दी गई है। पीठ ने कहा, जब लिव–इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े में से कोई एक विवाहित होता है, तो इस प्रकार के संबंधों में रहने वाले लोगों को संबंधित परिवार के सदस्यों या किसी नैतिक निगरानीकर्ता द्वारा धमकियाँ दी जाती हैं।

## केदारनाथ की ऊंची पहाड़ियों में हुई बर्फबारी



रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की ऊंची पहाड़ियों में बुधवार को बर्फबारी हुई। केदारनाथ धाम सहित आसपास हल्की बारिश हुई वहीं ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई। हालांकि अभी बर्फबारी का सिलसिला ऊंची चोटियों तक ही है। केदारनाथ धाम की पहाड़ियों पर श्राद्ध पक्ष शुरू होने के बाद यूं तो बर्फबारी होनी शुरू हो जाती थी किंतु इस बार 10 दिन पहले ही यह नजारा देखने को मिला है। केदारनाथ में वर्षों से रहने वाले वरिष्ठ तीर्थपुरोहित श्रीनिवास पोस्ती ने बताया कि श्राद्ध और नवरात्र से केदारनाथ की पहाड़ियों में बर्फबारी शुरू होने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस बार कुछ दिन पहले यह दृश्य देखने को मिला है। बीकेटीसी के प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण ने बताया कि बुधवार को केदारनाथ की ऊंची पहाड़ियों में हिमपात हुआ है। अक्सर श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही पहाड़ियों में बर्फबारी देखने को मिलती रही है। इधर, बर्फबारी और बारिश के बाद केदारनाथ में ठंड शुरू हो गई है। (एजेंसी)

### झगड़े में पत्नी घर से गई तो पति ने कर ली आत्महत्या

देहरादून। पटेलनगर के चंद्रबनी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले उसका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। जिससे बाद पति ने घर में अकेले रहते हुए आत्मघाती कदम उठाया। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि बुधवार सुबह कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद आईएसबीटी चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि मोइनुद्दीन (50 वर्ष) निवासी धारावाली ने अपने घर की किचन की चौखट पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने तत्काल मोइनुद्दीन को फंदे से नीचे उतारा और प्राइवेट वाहन से अस्पताल भेजा। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मोइनुद्दीन मजदूरी करता था और हाल ही में उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## यात्रा मार्ग पर डेंजर जोन हेलमेट पहनकर पार करेंगे श्रद्धालु

●मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने केदार घाटी के लिए जारी किए 30 करोड़




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम और अधिक पुख्ता होंगे। यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के बीच स्लाइडिंग एवं डेंजर जोन में अब यात्रियों को हेलमेट पहन कर रास्ते पार करवाएं जाएंगे।

ऐसे स्थानों पर यात्रियों को सचेत करने एवं सतर्कता की जानकारी देने को अनाउंसमेंट सिस्टम एवं अलर्ट लाइट्स का भी सहारा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल कमिश्नर/सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय, आपदा सचिव विनोद सुमन ने बुधवार को श्री केदारनाथ यात्रा एवं आपदा संबंधित बैठक लेने केदार घाटी पहुंचे। शेरसी में बैठक के दौरान उन्होंने मानसून सीजन के बाद शुरू हुई दूसरे चरण की यात्रा एवं 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते हुई क्षति के बाद हुए पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र एवं पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार से सड़क एवं पैदल यात्रा मार्ग की पुनर्स्थापना के लिए किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट ली। उन्होंने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में मास्क एवं हैलोजन लाईट लगवाने के निर्देश दिए। आपदा सचिव विनोद सुमन ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा सुरक्षा के साथ सुचारू रखने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। अब तक करीब 30 करोड़ रुपए मुआवजा एवं पुनर्स्थापना कार्यों के लिए मुख्यमंत्री स्वीकृत कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सड़क एवं पैदल मार्गों पर हुई क्षति की पुनर्स्थापना गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तेजी से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी संभव प्रयास किया जा रहे हैं पैदल यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग, जंगलचट्टी, रामबाड़ा, भीमबली सहित अन्य डेंजर जोन में यात्रियों को अब सुरक्षा हेलमेट पहन कर यात्रा करवाई जाएगी। वहीं यात्रा मार्ग पर अनाउंसमेंट सिस्टम एवं अलर्ट लाइट्स भी लगाने की तैयारी है। जिससे मौसम, भूस्खलन सहित यात्रा संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी यात्रियों को समय पर उपलब्ध करवाई जा सकें। बैठक में विभागाध्यक्ष पीडब्लूडी दीपक यादव, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, अधीक्षण अभियंता आठवां वृत्त लोनिवि टिहरी मुकेश परमार, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विमल गुसांई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह, जल संस्थान अनीश पिछ्वाई, सिंचाई खुशवंत सिंह, तहसीलदार ऊखीमठ प्रदीप नेगी, डीडीएमए विनय झिंक्वाण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा निगमों के प्रबंध निदेशकों के अधिकार घटाए

देहरादून। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा के तीनों निगम मैनेजमेंट के अधिकार घटा दिए हैं। खासतौर पर प्रबंध निदेशकों के अधिकार सीमित किए गए हैं। प्रबंध निदेशक सिर्फ पांच करोड़ तक के कार्यों को ही मंजूरी दे सकेंगे। इससे अधिक के कार्यों के लिए विद्युत नियामक आयोग में निगम बोर्ड की मंजूरी दिखानी होगी। निगमों की ओर से इस पर आपत्ति भी जताई गई है। निगमों का तर्क है कि जब उनका बोर्ड ही प्रबंध निदेशकों को 20 करोड़ तक के कार्यों का अधिकार दे चुका है, तो नियामक आयोग का पांच करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए बोर्ड की मंजूरी लेने के नियम का कोई औचित्य नहीं है। क्योंकि नियामक आयोग जो बोर्ड से मंजूरी मांग रहा है, वो बोर्ड पहले ही एमडी को दे चुका है। ऐसे में पांच करोड़ से अधिक के कार्यों को फिर बोर्ड में ले जाकर मंजूरी लेने से सिर्फ समय खराब होगा। इसका असर योजनाओं की समय सीमा पर पड़ेगा। समय बढ़ने पर योजना की लागत भी बढ़ेगी।

पिछले दिनों विद्युत नियामक आयोग में मल्टी ईयर टैरिफ की सुनवाई के दौरान



यूजेवीएनएल की ओर से आपत्ति भी जताई गई थी। यूजेवीएनएल का तर्क है कि कई बार तत्काल में जरूरी काम कराने होते हैं। उन कामों के लिए यदि बोर्ड से लेकर आयोग की मंजूरी का इंतजार करना होगा तो पॉवर प्लांट को नुकसान पहुंच सकता है। प्रबंध निदेशकों को 20 करोड़ तक के अधिकार बोर्ड ने ही दिए हैं, तो क्यों पांच करोड़ की कैप रखी जा रही है।

**योजनाओं की मंजूरी में लगने वाले समय पर भी उठाए सवाल**

निगमों की सभी योजनाओं के टेंडर तब तक नहीं हो सकते हैं, जब तक की उन योजनाओं की डीपीआर को विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी न मिल जाए। निगमों के मैनेजमेंट की शिकायत है कि आयोग को डीपीआर भेजने के बाद भी आठ आठ महीने तक मंजूरी नहीं मिलती। जब तक मंजूरी नहीं मिलती, तब तक टेंडर नहीं हो सकते। मंजूरी मिलने के बाद टेंडर करने से लेकर वर्क अवार्ड होने में भी लंबा समय लगता है। इसका सीधा असर योजनाओं की प्रगति, समय सीमा और लागत पर पड़ रही है। जबकि इन योजनाओं को निगमों के बोर्ड तक अपनी मंजूरी दे चुके होते हैं। शिड्यूल ऑफ रेट तक बोर्ड मंजूर कर चुके होते हैं। इसके बाद भी एसओआर तक आयोग में मंगाई जा रही हैं।

आयोग ने जो भी व्यवस्थाएं दी हैं, वो एक्ट के अनुसार ही दी हैं। निगमों के बोर्ड ने एमडी को क्या अधिकार दिए हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आयोग एक्ट के अनुसार ही काम करता है। निगमों की डीपीआर में भी सिर्फ रेट जांच जाते हैं। अधिक समय नहीं लगाया जाता है। – एमएल प्रसाद, कार्यवाहक अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग

### चचेरे भाईयों में खूनी संघर्ष, देवर ने भाभी पर दरांती से किया हमला

नैनीताल। समीपवर्ती गांव सिगड़ी में चचेरे भाइयों में मारपीट हो गई। इस बीच एक भाई और उसके अन्य परिजनों ने दूसरे के घर पर जाकर मारपीट शुरू कर दी। चचेरे देवर ने भाभी पर दरांती से हमला कर उसे लहुलूहान कर दिया। घायल महिला को परिजन बुधवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की है। घुग्घू सिगड़ी निवासी चंदन सिंह ने बताया कि उसका चचेरे भाइयों से जमीन समेत अन्य मामलों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। मंगलवार शाम को उसके चचेरे भाई से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि चचेरे भाइयों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी 33 वर्षीय पत्नी पूजा देवी पर दरांती से हमला कर दिया, जिससे वह लहुलूहान हो गई। रात में वाहन की व्यवस्था नहीं होने के कारण वह सुबह उपचार के लिए पत्नी को बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसके सिर पर आठ टांके आए हैं। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामला राजस्व क्षेत्र का है, यदि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## आरजी कर मामला : पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों का धरना प्रदर्शन जारी

कोलकाता ,आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार–हत्याकांड मामले को लेकर बुधवार को भी धरना जारी रहा। चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधि राज्य स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के सामने धरना दे रहे हैं।

रात में लगातार बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वह अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारी स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवा निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने हड़ताली जूनियर डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने को कहा था, जिसकी समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। मंगलवार शाम को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने राज्य सरकार के उस आह्वान को भी अस्वीकार कर दिया जिसमें राज्य सचिवालय नबान्न में एक छोटा प्रतिनिधिमंडल भेजने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज पंत और राज्य के स्वास्थ्य सचिव नरवण स्वरूप निगम के साथ चर्चा करने का अनुरोध किया



गया था। बता दें कि सोमवार रात को पीड़ित डॉक्टर के परिवार के कुछ सदस्य स्वास्थ्य भवन के सामने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के प्रति एकजुटता दिखाने पहुंचे। तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए जिस दृढ़ संकल्प के साथ मेडिकल बिरादरी के प्रतिनिधि अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उसकी प्रशंसा करते हुए पीड़ित के पिता ने कहा कि विरोध प्रदर्शन की यही दृढ़ इच्छाशक्ति उनकी बेटी के लिए न्याय की उम्मीद को जिंदा रखती है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से अपील की थी कि वे विरोध प्रदर्शन जारी न रखें और त्योहारों के मद्देनजर वापस लौट जाएं। सीएम के इस बयान पर पीड़िता की मां ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के साथ एकजुटता जताई। उन्होंने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा, इस समय मेरी बेटी को न्याय दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन ही असली त्यौहार है। संकट की इस घड़ी में हमारे साथ होने के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करती हूं। बाद में मंगलवार को राज्य के सभी कोनों से वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और नर्सिंग सहित चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में साल्ट लेक में स्थित राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय, स्वस्थ भवन की ओर एक विरोध मार्च का नेतृत्व किया।

## यूपी में लापरवाह और भ्रष्टाचार में लिप्त चकबंदी अधिकारियों पर कार्रवाई, तीन निलंबित

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश में चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में देरी, लापरवाही और अनियमितता पर दो चकबंदी अधिकारियों समेत तीन को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही कई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र जारी किए गए हैं। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर महाराजगंज के ग्राम बैठवलिया में प्रारंभिक चकबंदी योजना तैयार करने में अनियमितता पर सहायक चकबंदी अधिकारी अखिलेश चंद्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उप संचालक चकबंदी को अनियमितताओं को दुरुस्त करने तथा लंबित निगरानियों का ग्राम अदालत के माध्यम से शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी तरह बांदा के ग्राम सिलेहटा में अनियमितताओं पर चकबंदी अधिकारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए





विभागीय कार्रवाई की गई है। इसी ग्राम के संबंध में अनियमितताओं के लिए पूर्व में निलंबित सहायक चकबंदी अधिकारी अरुण नारायण सिंह के खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने और तत्कालीन चकबंदीकर्ता कामता प्रसाद, संप्रति सहायक चकबंदी अधिकारी को अनियमितता के लिए निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, चकबंदी लेखपाल विकास सिंह और चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप, जो पूर्व से इसी ग्राम में अनियमितताओं के लिए निलंबित हैं, उनके खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

चकबंदी आयुक्त ने बताया कि बिजनौर में चल रही चकबंदी में अनियमितता को लेकर विभिन्न गांव के किसानों ने शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद निदेशालय स्तर पर समिति गठित कर जांच कराई गई। जांच में चकबंदी के दौरान अनियमितता की शिकायत सही मिलने पर तत्कालीन बंदोबस्त अधिकारी विजय कुमार, संप्रति बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मुजफ्फरनगर को निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही उप संचालक चकबंदी को अनियमितताओं को दूर करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा गोंडा के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी देवेंद्र सिंह को वादों के निस्तारण नहीं करने एवं शिथिल पर्यवेक्षण पर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।उन्होंने बताया कि लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने अपने यहां संबद्ध मीर्जापुर के चकबंदी लेखपाल राजेंद्र कुमार यादव द्वारा अनियमितताओं की शिकायत की थी। इस पर सम्बद्धीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए मीर्जापुर के बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को लेखपाल के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।आजमगढ़ जिलाधिकारी की आख्या के आधार पर चकबंदी कार्यों के शिथिल पर्यवेक्षण एवं कार्य में शिथिलता के दोषी चकबंदी अधिकारी (से.नि.) शैल राजीव कमल, सहायक चकबंदी अधिकारी (से.नि.) मोहन लाल श्रीवास्तव, राधेश्याम वर्मा, चक्रधर त्रिगुनायत और जैनेंद्र प्रताप के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।


### पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर यमुना में गिरा, दो घायल

विकासनगर। कालसी थाना क्षेत्र के जुड्डो से एक किमी आगे कालसी रोड पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 150 मीटर नीचे यमुना में गिर गया। वाहन में सवार दोनों युवक यमुना में गिरने के बाद तैर कर सड़क पर आ गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए हैं। दोनों के पैर और सीने में चोटें आई हैं। थाना प्रभारी कालसी भुवन चंद्र पुजारा ने बताया कि शाम को करीब साढ़े चार बजे सूचना मिली कि जुड्डो के पास एक पिकअप वाहन नदी में गिर गया है। सूचना पर तत्काल कालसी थाने से पुलिस बल मौके के लिए रवाना हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची तो जुड्डो से करीब एक किमी आगे कालसी रोड पर पिकअप सड़क से करीब डेढ़ सौ मीटर नीचे यमुना नदी में गिरी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिकअप सड़क पर आए मलबे के कारण अनियंत्रित होकर यमुना नदी में गिर गई। इामें दो युवक सवार थे। इनकी पहचान अनीश पुत्र भरत सिंह निवासी कसौन यमुना पुल थाना कैम्टी टिहरी गढ़वाल और साहिल पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम झाबला थाना कैम्टी टिहरी गढ़वाल के रूप में हुई। बताया कि दोनों युवक नदी में गिरने के बाद सड़क पर आ गए थे। लेकिन दोनों घायल हैं। उन्हें पैर और सीने में चोटें आई हैं। दोनों का लेहमन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## हल्द्वानी में मिला एक डेंगू का मरीज

## 7 संदिग्ध अस्पताल में भर्ती

हल्द्वानी। बदलते मौसम के बीच में डेंगू के मच्छर असर दिखाने लगे हैं। मंगलवार को हल्द्वानी में एक मरीज में डेंगू की पुष्टि हुई है। अलग–अलग सरकारी अस्पतालों में डेंगू के कुल 7 संदिग्ध मरीज भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग डेंगू के संदिग्ध इलाकों की मॉनिटरिंग निरंतर कर रहा है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डेंगू के संदिग्ध मरीज लगातार पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मरीज मेडिसिन और बाल रोग विभाग में चिह्नित किए हैं। वर्तमान में डेंगू के 4 संदिग्ध मरीज मेडिसिन वार्ड में जबकि दो संदिग्ध मरीज बाल रोग विभाग में भर्ती हैं। ये सभी भर्ती मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री यानि बाहरी शहरों से हल्द्वानी आने की बात बताई गई है।इसके अलावा बेस अस्पताल में गौलापार निवासी एक डेंगू पीड़ित और एक डेंगू संदिग्ध का इलाज चल रहा है। इस मामले में बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. कमलेश कुमार पांडे ने बताया कि इन मरीजों की हालत में सुधार हो रहा है।पुष्टि के लिए होता है एलाइजा टेस्टः डेंगू के लक्षण वाले मरीज का पहले कार्ड टेस्ट होता है। पॉजिटिव



आने पर उसका इलाज शुरू होता है। कार्ड टेस्ट पर 98 प्रतिशत विशेषज्ञ भरोसा करते हैं। फिर भी पुष्टि को एलाइजा टेस्ट होता है। यह पॉजिटिव आने पर मरीज डेंगू पॉजिटिव माना जाता है। एसटीएच में इलाज के लिए आने वाले कई मरीजों का कार्ड टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है, लेकिन एलाइजा टेस्ट निगेटिव आ रहा है।एसटीएच में वर्तमान में 6 डेंगू के संदिग्ध मरीज भर्ती हैं। सभी की ट्रेवल हिस्ट्री है। चार मेडिसिन और 2 बाल रोग विभाग में भर्ती हैं। सभी की हालत ठीक है। डेंगू कन्फर्म करने के लिए इन सभी का एलाइजा टेस्ट किया जा रहा है। – डॉ.परमजीत सिंह, वरिष्ठ फिजिशियन, एसटीएच, हल्द्वानी

## पेरिस ओलंपिक पर विनेश फोगाट ने किया दावा, बोलीं- वहां भी राजनीति हुई

नई दिल्ली , विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा की तरफ से फोटो शेयर किए जाने पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फाइनल में फोगाट को वजन के चलते अयोग्य करार दे दिया गया था। अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है। पार्टी ने उन्हें हरियाणा की जुलाना सीट से टिकट दिया है। जब फोगाट अस्पताल में भर्ती थीं, तब उषा उनसे मुलाकात करने पहुंची थीं। उस दौरान फोगाट के साथ तस्वीर भी खिंचाई थी। सोशल मीडिया पर फोटो की खासी चर्चा भी हुई थी। दरअसल, वजन कम करने की कोशिश में फोगाट की तबियत पर असर पड़ा था



और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ गया था। अब पहलवान ने आरोप लगाए हैं कि उषा ने फोटो शेयर कर राजनीति की है।रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मुझे वहां कौन सा समर्थन मिला। उन्होंने कहा, ह्यपीटी उषा मैम मिलने अस्पताल आईं थीं। एक फोटो भी क्लिक हुई थीज्। जैसा कि आपने कहा कि बंद दरवाजे के पीछे राजनीति में बहुत कुछ होता है। उसी तरह वहां (पेरिस) में भी राजनीति हुई। इसलिए मेरा दिल टूट गया। नहीं तो कई लोग थे, जो कह रहे थे कि कुश्ती मत छोड़ो।ह्न

फोटो को लेकर उन्होंने आरोप लगाए हैं कि बगैर उनकी जानकारी के तस्वीर खींची गई थी और सोशल मीडिया पर शेयर की गई थी। उन्होंने कहा, ह्यआप अस्पताल के बिस्तर पर हैं, जहां आपको नहीं पता कि बाहर का जीवन कैसा चल रहा है।

### कांग्रेस सत्ता में नहीं होने पर वोटों के लिए एससी–एसटी की हितैषी बन जाती है : मायावती

लखनऊ,अमेरिका में आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान के बाद से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती लगातार हमलावर हैं। मायावती का कहना है कि कांग्रेस सत्ता में नहीं होती है तो उपेक्षित एससी, एसटी और ओबीसी के वोट की खातिर हितैषी बन जाती है। सत्ता में रहते हुए इनके खिलाफ कार्य करती है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अब यह सफाई कि वे आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं स्पष्टतः गुमराह करने वाली गलतबयानी है। केंद्र में बीजेपी से पहले इनकी 10 साल रही सरकार में उनकी सत्रिय्रता में इन्होंने सपा के साथ मिलकर एससी/एसटी का पदोन्नति में आरक्षण बिल पास नहीं होने दिया इसका यह प्रमाण। उन्होंने आगे कहा, इनके द्वारा देश में आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाने की बात भी छलावा है, क्योंकि इस मामले में अगर इनकी नीयत साफ होती तो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में यह कार्य जरूर कर लिया गया होता।

## जब तक देश में असमानता है, आरक्षण खत्म नहीं होगा : हरीश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश में लागू आरक्षण को लेकर कांग्रेस का स्पष्ट मत है, जब तक देश में असमानता है, तब तक आरक्षण खत्म नहीं होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपने अमेरिका दौरे के दौरान यही बता दोहराई है। राहुल ने आरक्षण को लेकर वही कहा, जो बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को राहुल फोबिया हो गया है। इसलिए वह अनर्गल आरोप लगा रही है। डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बुधवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम रावत ने कहा कि आरक्षण को यदि खतरा है तो वह भाजपा और उसके फेंचाइजी संगठनों से है। उसके नेता कई बार



आरक्षण पर कटाक्ष कर चुके हैं, उसे नकार चुके हैं। रावत ने कहा कि भाजपा राज में महिलाएं, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि तत्थाकथित गौ रक्षकों की ओर से अल्पसंख्यकों को मारा जा रहा है। उत्तराखंड में बीते दो–तीन सालों में बच्चियों से दुष्कर्म की जो घटनाएं हुई हैं, उनमें 60 प्रतिशत दलित बच्चियां शिकार बनी हैं। उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाली आर्थिक मदद तक नहीं मिली। भाजपा के तमाम नेता एक के बाद एक अपराध में संलिप्त पाए जा रहे हैं, लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से उन्हें बचाने का काम किया जा रहा है।

**पीएम मोदी मीडिया से दूर भागते हैं, राहुल सवालों का जवाब देते हैं...**

पूर्व सीएम रावत ने आरोप लगाया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से मीडिया से भागते हैं, वह कुछ चुनिंदा लोगों को इंटरव्यू देते हैं।

सम्पादकीय

# निशाने पर रेल पटरियां

हमारे देश में रेल और रेलवे व्यवस्थाओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा से सवाल खड़े होते आए हैं। विश्व की सबसे बड़ी रेल संचार सेवा को नियंत्रित करना वैसे भी कोई आसान कार्य नहीं है और रेलवे निश्चित तौर पर सुरक्षित रेल यात्रा की भरपूर कोशिश करता है। पिछले कुछ दिनों में रेलों की पटरी पर कुछ ऐसी हरकत इन देखने को मिली है जो सीधे तौर पर विध्वंसकारी सोच की और ले जाती है। ट्रेन की पटरी पर पत्थर मोटे–मोटे पेड़, सिलेंडर या लोहे की छड़े जैसी वस्तुएं रखना प्रदर्शित करता है कि इसके पीछे उद्देश्य ट्रेन दुर्घटना को अंजाम देना ही है और यह कार्य बिना किसी बड़ी साजिश के संभव नही है। अभी ताजा मामला कानपुर – कासगंज के उस ट्रैक का है जहां से कालिंदी एक्सप्रेस को गुजरना था वहां ट्रैक पर भरा हुआ सिलेंडर रखा गया। हालांकि लोको पायलट ने ब्रेक लगाया लेकिन उसके बावजूद सिलेंडर से टक्कर हुई लेकिन कोई हादसा नही हुआ। निश्चित तौर पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सिलेंडर को पटरी पर रख गया था। इससे पहले कानपुर के पास साबरमती एक्सप्रेस के ट्रैक पर भी रेल की पटरी का टुकड़ा रखा गया था जिससे 20 डिब्बे पटरी से उतर गए थे इस मामले की अभी जांच चल रही है और इसमें भी किसी बड़े षड्यंत्र से इनकार नही किया जा सकता। भारतीय रेल का एक वृहद हिस्सा ऐसे स्थानों से गुजरता है जहां रेलवे ट्रैक की नियमित सुरक्षा संभव नहीं है। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर रेलवे इतने कर्मचारी कहां से उपलब्ध कराए जो पूरे देश भर में इस फैले हुवे रेलवे ट्रैक की सुरक्षा कर सके। इधर आतंकी साजिशों की संभावना के चलते इन मामलों की विवेचना अब एनआईए करेगी जो की आतंकी घटनाओं से संबंधित मामलों की जांच करती है। जिस प्रकार से देश भर में रेलवे पटरियों को निशाना बनाया जा रहा है वह एक बेहद गंभीर बात है और लाखों यात्रियों की सुरक्षा का सवाल इससे जुड़ा हुआ है। अब रेल पटरियों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी कार्य योजना की जरूरत है जिसके लिए स्थानीय पुलिस से लेकर जीआरपी एवं जन सहयोग को अपनाया जाना बेहद जरूरी है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी यहां उन लोगों की बनती है जो रेलवे ट्रैक के किनारे रहते हैं और उन्हें एक सुरक्षित समाज की दृष्टि से ऐसे लोगों पर नजर रखनी चाहिए जो की रेलवे ट्रैक के पास घूमते हुए संदिग्ध नजर आए। आपसी सतर्कता एवं सूझबूझों से ऐसे लोगोंको बेनकाब करना कोई मुश्किलकाम नहीं है जो लाखों लोगों की जिंदगीसे खिलवाड़ करने का मंसूबा रखते हों। रेलवे पटरियों एवं ट्रेनों को निशाना बनाना कोई साधारण बात नहीं है और इसदिशा में अब बेहद सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# अब बिना एजेंडे के समय काटने की है

**मोदी सरकार 3.0 के अभी सौ दिन नहीं हुए हैं। लेकिन जितने दिन गुजरे हैं, उनमें संसद में राष्ट्रपति के भाषण, बजट भाषण, पंद्रह अगस्त पर लाल किले के भाषण और तमाम सरकारी फैसलों को याद करें, सभी में विपक्षी एजेंडे पर प्रतिक्रिया मिलेगी। प्रधानमंत्री के भाषण पर भाजपा, संघ बम बम हो कर आक्रामक नहीं होते हैं, बल्कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश, उद्धव ठाकरे के कहे पर भाजपा रक्षात्मक या प्रतिक्रिया देते हुए है। महाराष्ट्र में विपक्ष ने शिवाजी की मूर्ति के गिरने की घटना को मुद्दा बनाया तो नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी लेकिन एकनाथ शिंदे के चेहरे के कारण विपक्ष जस का तस आक्रामक है जबकि मोदी, शाह न शिंदे को हटा सकते हैं और न अजित पवार पर फैसला ले सकते हैं। तभी राजनीतिक नैरेटिव भी विपक्ष केंद्रित है। जम्मू कश्मीर के उम्मीदवारों की लिस्ट हो या हरियाणा के उम्मीदवारों की सूची, दोनों से भाजपा की बदनामी हुई और पार्टी के पास जवाब में कुछ नहीं था। एक वक्त था जब कांग्रेस या विरोधी क्षत्रप के यहां भगदड़ होती थी लेकिन अब उलटा है। भाजपा को नेता छोड़ रहे हैं।**

**हरिशंकर व्यास**

यों कहने को अभी नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में कहा है कि वे भारत में कई सिंगापुर बनाएंगे। लेकिन यह जुमला है एजेंडा नहीं। वैसे ही जैसे दस वर्ष पहले मोदी ने स्मार्ट सिटी का जुमला दिया था। जरा भारत के बाढग्रस्त महानगरों, शहरों पर गौर करें, खरबों रुपए की स्मार्ट सिटी की ठेकेदारी के बावजूद कथित स्मार्ट सिटियां पानी में डूबी दिखेंगी। इसलिए मोदी राज के एजेंडे में विचारना यह है कि अबकी बार 400 पार, हिंदू राष्ट्र की घोषणा, गौहत्यामुक्त भारत या बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने, पीओके आजाद कराने, सीमा पार से आंतकियों को रोकने, भारतीय क्षेत्र से चीनी सेना को खदेडऩे, सयुंक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता जैसी प्राथमिकताओं में सरकार का एजेंडा बना दिखना चाहिए। क्या ऐसा कोई भी एक संकल्प मोदी, शाह का है?

आप ही सोचें, इन दिनों नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ किस एजेंडे में लगे दिख रहे हैं? एक ही जवाब है राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, इंडिया एलायंस के एजेंडे को सुनना और उस पर रिएक्ट होना। इस सप्ताह आरएसएस की बैठक थी। उसके बाद वहीं बातें हुए जो तात्कालिक राजनीति की चुनौती है। जैसे जाति जनगणना। वही सरकार इस सप्ताह नई बोतल में पुरानी पेंशन ले आई है। मतलब तेजस्वी, नीतीश की जात राजनीति के एजेंडे पर आरएसएस की मोहर तो कांग्रेस के सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के चुनावी वादे पर मोदी कैबिनेट का अमल करना।

मोदी सरकार 3.0 के अभी सौ दिन नहीं हुए हैं। लेकिन जितने दिन गुजरे हैं, उनमें संसद में राष्ट्रपति के भाषण, बजट भाषण, पंद्रह अगस्त पर लाल किले के भाषण और तमाम सरकारी फैसलों को याद करें, सभी में विपक्षी एजेंडे पर प्रतिक्रिया मिलेगी। प्रधानमंत्री के भाषण पर भाजपा, संघ बम बम हो कर आक्रामक नहीं होते हैं, बल्कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश, उद्धव ठाकरे के कहे पर



भाजपा रक्षात्मक या प्रतिक्रिया देते हुए है। महाराष्ट्र में विपक्ष ने शिवाजी की मूर्ति के गिरने की घटना को मुद्दा बनाया तो नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी लेकिन एकनाथ शिंदे के चेहरे के कारण विपक्ष जस का तस आक्रमक है जबकि मोदी, शाह न शिंदे को हटा सकते हैं और न अजित पवार पर फैसला ले सकते हैं।

तभी राजनीतिक नैरेटिव भी विपक्ष केंद्रित है। जम्मू कश्मीर के उम्मीदवारों की लिस्ट हो या हरियाणा के उम्मीदवारों की सूची, दोनों से भाजपा की बदनामी हुई और पार्टी के पास जवाब में कुछ नहीं था। एक वक्त था जब कांग्रेस या विरोधी क्षत्रप के यहां भगदड़ होती थी लेकिन अब उलटा है। भाजपा को नेता छोड़ रहे हैं। भाजपा की परिवारवाद के कारण बदनामी है तो चम्पई सोरेन जैसी तोडफ़ोड़ टांय टांय फिस्स हैं। ममता बनर्जी के हवाले हाल में बंगाल पर फोकस बनाए रखने के बावजूद ऐसी कोई वाह नहीं बनी, जिससे आगामी चुनावी दंगल में भाजपा का कोई ग्राफ बने।

दरअसल मोदी, अमित शाह को अब कोई वैचारिक, राजनीतिक, आर्थिक, हिंदुवादी एजेंडा बूझ नहीं रहा है क्योंकि हर मामले में विश्वसनीय पैंदे पर पहुंची हुई है। उस नाते अब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा और योगी आदित्यनाथ जरूर हल्ला बना रहे हैं लेकिन हिमंता नमाज के समय में कटौती जैसी बातों का हल्ला बनाते हैं तो उधर नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा के दौरान मस्जिद में घूमते दिखलाई देते हैं।

जाहिर है नरेंद्र मोदी का नंबर एक संकट है कि करें तो क्या करें? उनके पास ले दे कर विदेश में फोटोशूट करा कर भक्तों में अपने को विश्व गुरू बनाए रखने का अकेला विकल्प है। भगवान होने या कि अजैविक देवदूत होने की मार्केटिंग अब संभव नहीं है। पहले नरेंद्र मोदी का चेहरा ही एजेंडा था। अब वह स्थिति नहीं है। तभी उनका हर भाषण पीट रहा है। बोरियत पैदा कर रहा है। आया–गया हो जा रहा है। तब कैसे तो राम मंदिर जैसा एजेंडा बने और कैसे घर में घुस कर मारने या भ्रष्टाचार की बातों से विपक्ष को ईडी–सीबीआई से जेल में डालने की कसमें खाते रहें।

हां, प्रधानमंत्री पद के नाते अधिकारिक कामों, विदेश यात्राओं के फोटो आदि सब ठीक हैं लेकिन इनसे एजेंडा नहीं बनता। ऐसा कोई विजन संभव नहीं है कि आसियान देशों के साथ फ्री ट्रेड पर भारत काम कर रहा है। सार्क कामयाब नहीं है तो आसियान या उसके भीतर भारत नया व्यापारिक, सामरिक गठजोड़ बनाए। इसलिए भारत की नियति अब बिना एजेंडे के समय काटने की है और मोदी सरकार को समय काटते रहना है।

# पॉक्सो के असर पर बहस

बदलापुर की घटना ने पोक्सो के असर पर बहस छेड़ दी है। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए ये कानून 2012 में बना था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है।बॉम्बे हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद बदलापुर कांड को लेकर आयोजित विपक्ष का महाराष्ट्र बंद टल गया, लेकिन इस घटना को लेकर राज्य में फैले आक्रोश पर विराम नहीं लगा है। इस घटना से जाहिर हुआ कि स्कूलों में बच्चियों की सुरक्षा आज भी कितनी लचर है। यह टिप्पणी खुद अदालत ने की है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, तो फिर शिक्षा के अधिकार का क्या मतलब रह जाता है। महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में स्थित एक स्कूल में प्री–प्राइमरी क्लास में पढऩे वाली चार साल की दो बच्चियों के यौन उत्पीडऩ होने की खबर आई। बताया जाता है कि ये घटना स्कूल के टॉयलेट में 12 और 13 अगस्त को हुई। यौन उत्पीडऩ का आरोप स्कूल में काम करने वाले क्लीनर अक्षय शिंदे पर लगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की। पुलिस ने 16 अगस्त को जाकर एफआईआर दर्ज की। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ये खबर फैलते ही बदलापुर में जन आक्रोश भडक़ उठा।

हजारों लोगों की भीड़ ने इंसाफ की मांग करते हुए वहां के रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिस वजह से घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया और कुछ लोग गिरफ्तार किए गए, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस घटना ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट (पॉक्सो) के असर पर बहस छेड़ दी है। नाबालिग बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए ये कानून 2012 में बनाया गया था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। पॉक्सो बहुत कठोर कानून है, लेकिन ट्रेनिंग और जागरूकता के लिहाज से जो होना चाहिए, वह नहीं हो पाया रहा है। हर ऐसी वीभत्स घटना के बाद अधिक सख्त कानून की मांग उठती रही है। 2012 के बाद ऐसे कई कानून बनाए गए। लेकिन उन कानूनों पर अमल सुनिश्चित ना हो, तो उनकी उपयोगिता क्या रह जाएगी? बदलापुर की घटना ने फिर ये सवाल हमारे सामने ला खड़ा किया है।

## बुजुर्गों की सेहत और चुनौतियां, पारिवारिक और सामाजिक उपेक्षा बढ़ रहा संकट

**किरन सिंह**

अगर बुजुर्गों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा किन्हीं वजहों से अपना इलाज नहीं करा पाता, तो यह समाज और व्यवस्था की एक बड़ी नाकामी है। गौरतलब है कि एक गैरसरकारी संगठन के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि शहरी इलाकों के लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और कई अन्य तरह की चुनौतियों के चलते जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है। वहां बुजुर्ग आबादी के बासठ फीसद से ज्यादा के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी हैं, जिनके चलते उन्हें बीमारी में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।आमतौर पर साठ वर्ष की उम्र के बाद व्यक्ति को सेवानिवृत्ति की वजह से आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जबकि इसी उम्र में उन्हें सेहत संबंधी देखभाल की ज्यादा जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हों तो उनका जीवन कुछ आसान हो सकता है। मगर कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है। वहीं देश के कई इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और आर्थिक स्थिति से जुड़ी समस्याएं जगजाहिर रही हैं। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि आज वृद्धावस्था में पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा के अभाव में दैनिक खर्च और स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च में भारी उछाल आया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में ज्यादा उम्र वालों के लिए अब तक जो शर्तें रही हैं, वे स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच को मुश्किल बनाती हैं।

# भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान

**अजय दीक्षित**

2 सितम्बर को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी जी ने अपने राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को रिन्यू करवाया । असल में देश भर में या पार्टी नये सदस्यों को बनाने का अभियान चलाती है । अब 3 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सदस्यता को रिन्यू किया है । मोटर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल के रिचार्ज और वैलिडिटी के रिन्यू करने को तो सुना था । परन्तु कोई राजनैतिक दल की सदस्यता रिन्यू करता है, यह पहली बार सुना है । इसी पार्टी के सदस्यों को जब भाजपा अपनी पार्टी की सदस्यता देती है तो यह नहीं सुना था कि यह सदस्यता एक या तीन या पांच या दस साल के लिए है ।

जैसे मीठे के पास चीटियां अपने पास आकर चिपट जाती हैं ऐसे ही सत्ता के साथ लोग मंडराने लगते हैं । शायद लेफ्ट पार्टी –– सी.पी.आई. और सी.पी.एम. को छोडक़र अन्य सभी पार्टियों के धाकड़ और दिग्गज भाजपा में शामिल हो चुके हैं । मध्य प्रदेश में अपनी हार के बाद भाजपा ने सिंधिया को साधा और ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने 20–22 विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये और इस प्रकार शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बन गये । इस समय अरुणाचल, मणिपुर, असम आदि में पूर्व कांग्रेसी ही भाजपा में शामिल होकर वहां मुख्यमंत्री हैं । तेलंगाना में टी.आर.एस. की हार के बाद बहुत से टी.आर.एस. (अब वी.आर.एस.) के सदस्य कांग्रेस में शामिल हो गये हैं । इस समय लगभग सभी टी.वी. चैनलों के एंकर भाजपा के पक्षधर हैं । यह ठीक भी है । सत्ता के साथ रहने में ही सुख है । पहले कांग्रेस राज में बहुत से एंकर कांग्रेस के पक्षधर थे ।

असल में 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना अच्छा प्रदर्शन न होने के कारण भाजपा में आत्म चिंतन हो रहा है । आज केन्द्र में यद्यपि तीसरी बार भी नरेन्द्र दामोदर दास मोदी प्रधानमंत्री बने हैं । परन्तु वे असल में एन.डी.ए. के प्रधानमंत्री हैं । 4 जून के बाद लगा था कि मोदी जी उसी दम–खम से अपने निर्णय लेंगे परन्तु जिस प्रकार कई मुद्दों पर भाजपा को अपने पर सिकोडऩे पड़े हैं, उससे स्थिति चिंताजनक है ।

तीस–चालीस पदों पर विशेषज्ञों की लैटरल नियुक्ति का विज्ञापन वापिस लेना पड़ा । असल में एन.डी.ए. के ही कुछ सहयोगी दलों ने बेकार का हल्ला मचाया ।


कुछ पदों के लिए विशेष योग्यता की ज़रूरत होती है । जब बीमार पड़ते हैं तो डॉक्टर के पास जाते हैं, वकील के पास नहीं । आरक्षण वाले लोग भी यदि उचित योग्यता रखते हैं तो वे चुने जा सकते हैं । इस मुद्दे को तूल देकर सहयोगी देश का भला नहीं कर रहे हैं । क्योंकि ये बीमार होने पर वकील या दुकानदार के पास नहीं जाते ।

असल में आरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है । यदि 75 साल में आरक्षण के बाद कोई परिवार संपन्न हो गया तो उसके बच्चों को क्यों आरक्षण दिया जाये । 1947–1950 तक जब संविधान बना जो भी भारत की स्थिति हो, आज बहुत से आरक्षित वर्ग संपन्न हो चुके हैं और उच्च जाति के बहुत से लोग निपट गरीबी में जी रहे हैं । मेरे घर के पास एक वैश्य समुदाय का व्यक्ति साइकिल .....का काम कर रहा है । अनेक ब्राह्मण समुदाय के लोग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं । झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश आदि में कुछ पदों के लिए लाखों लडक़े–लड़कियां उमड़ पढ़ते हैं । वे सब पिछड़ी जाति के नहीं हैं । ज्यादातर उच्च जाति के हैं ।

भाजपा सरकार को वक्फ बोर्ड का मामला जेपीसी को सौंपना पड़ा । सूचना प्रसारण बिल होल्ड में डालना पड़ा । पांच सदस्यों की पार्टी वाले चिराग पसवान भी आंख दिखलाना चाहते हैं, असल में मोदी जी को काम करने दें । नहीं तो लोकसभा भंग करके पुनः चुनाव हो तो भाजपा अबकी बार पांच सौपर जायेगी और भारत विश्व गुरु बनकर रहेगा ।

# कन्नप्पा से अक्षय कुमार की पहली झलक आई सामने, निभाएंगे भगवान शिव का किरदार

अक्षय कुमार 57वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके प्रशंसकों को एक के बाद तोहफे मिल रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी नई फिल्म भूत बंगला का ऐलान हो गया है, वहीं अब अक्षय की पहली तेलुगु फिल्म कन्नप्पा से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। इस फिल्म में वह भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए अक्षय को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी हैं।कन्नप्पा में विष्णु मंचू मुख्य भूभिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी इसमें दिखाई देंगी।मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही यह फिल्म दिसंबर, 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।कन्नप्पा की



कहानी छठीं और आठवीं शताब्दी के दौरान भगवान शिव के एक प्रबल भक्त के इर्द–गिर्द घूमेगी। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं।जारी किए गए पोस्टर में अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके दिव्य लेकिन शक्तिशाली व्यक्तित्व को दर्शाता है हालांकि उनका चेहरा छिपा हुआ है, पोस्टर में पवित्र रुद्राक्ष माला से सजे उनके मांसल शरीर को उजागर किया गया है, जिससे प्रशंसक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में उनके चित्रण को और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं दृश्य रूप से आकर्षक पहला लुक पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है, जिससे *कन्नप्पा* को लेकर उत्साह और बढ़ गया हैअक्षय की सबसे अनूठी भूमिकाओं में से एक के रूप में, भगवान शिव का उनका अवतार फिल्म में एक प्रमुख आकर्षण होने का वादा करता है.कन्नप्पा एक पौराणिक काल्पनिक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुकेश कुमार ने किया है यह फिल्म कन्नप्पा नामक एक व्यक्ति की कहानी पर आधारित है, जो हिंदू भगवान शिव का कट्टर भक्त है मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित कन्नप्पा की पटकथा विष्णु मांचू ने लिखी है,

## ऋ षभ पंत के बाद अक्षर पटेल बनेगा दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान?

नईदिल्ली, आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होने वाला है, जहां कई टीमें अपने लिए नए कप्तान की तलाश में भी होंगी. खबरें आ रही हैं कि आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत भी दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़ सकते हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि अब दिल्ली का अगला कप्तान कौन होगा? आपको बता दें, दिल्ली के पास एक ऐसा कैप्टेंसी विकल्प मौजूद है, जिसे वह आईपीएल 2025 में कप्तान बना सकते हैं. आइए आपको उस खिलाड़ी के बारे में बताते हैं...

ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में इंजरी से वापसी की और दिल्ली की कमान संभाली थी. मगर वह कुछ खास नहीं कर सके और डीसी ने 6वें नंबर पर रहते हुए टूर्नामेंट खत्म किया था. लेकिन, अपकमिंग मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली ने बड़ा बदलाव किया और रिकी पोंटिंग को हेड कोच के पद से हटा दिया.

# हाईवोल्टेज भारत–पाकिस्तान मैच के लिए हो जाइए तैयार, 6 अक्टूबर को होगा महामुकाबला

नईदिल्ली,भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबलों को लेकर क्रिकेट फैंस के बीच अलग ही स्तर का उत्साह देखने को मिलता है. अब 6 अक्टूबर को भारत की महिला टीम और पाकिस्तान की महिला टीम के बीच मुकाबला खेला जाने वाला है. ये मैच महिला टी–20 वर्ल्ड कप 2024 के अंतर्गत खेला जाएगा.3 अक्टूबर से महिला टी–20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत होने वाली है. यूएई की मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा. 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा. वहीं, टीम इंडिया के शेड्यूल पर गौर करें, तो भारत अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ 4 अक्टूबर को खेला जाएगा. वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट



टीम अपना पहला मैच श्रीलंका के साथ 3 अक्टूबर को खेलेगी.आईसीसी महिला टी–20 वर्ल्ड कप 2024 बांग्लादेश में आयोजित होने वाला था. लेकिन, कई खिलाडिय़ों द्वारा सुरक्षा संबंधी चिंता जताने के बाद फैसला लिया गया और इसे यूएई में शिफ्ट कर दिया गया है. अब टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे.इन दोनों जगहों पर कुल 23 मैच खेले जाएंगे. टूर्नामेंट के ग्रुप समान रहेंगे जिसमें ग्रुप ए में गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है. ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं. टूर्नामेंट में हर टीम 4 ग्रुप मैच खेलेगी.टी–20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीमः आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी , रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन.

# रामसे ब्रदर्स की वापसी : नए हॉरर सीरीज बंद दरवाजे के पीछे से कराएंगे डर का अनुभव

बॉलीवुड के जाने–माने फिल्म निर्माता और रामसे ब्रदर्स के सागर रामसे अब एक नई हॉरर सीरीज बंद दरवाजे के पीछे बना रहे हैं। सागर रामसे का कहना है कि यह सीरीज मनोवैज्ञानिक हॉरर का एक नया और अनोखा पहलू प्रस्तुत करेगी, जो दर्शकों को डरने के साथ–साथ सोचने पर भी मजबूर करेगी।

90 के दशक में वीराना, पुरानी हवेली, तहखाना और होटल जैसी फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स हॉरर स्टाइल में एक जाना–पहचाना नाम था। हालांकि, ब्रदर्स ने फिल्में बनाना बंद कर दिया था, लेकिन वे अब एक हॉरर शो के साथ वापस आ गए हैं।सीरीज के बारे में बात करते हुए सागर ने कहा, हमारी सीरीज एक ताज़ा स्क्रिप्ट है जो मनोवैज्ञानिक हॉरर के अन्वेषणों में गहराई से उतरती है। सीरीज एक साहसिक नई दिशा की यात्रा है, जिसमें आधुनिक कहानी के साथ साहसिक यात्राएं शामिल हैं, जो दर्शकों को एक रोलर कोस्टर राइड पर ले जाने का वादा करती है।

उन्होंने कहा, स्क्रिप्ट को आज के दर्शकों को आकर्षित करने के लिए सावधानी से तैयार किया गया है, जिसमें डर, रोमांच, रहस्य और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हॉरर का एक अनोखा मिश्रण है, जो इसे अलग बनाता है। यह श्रृंखला डार्क, मिस्ट्री और सुपरनैचुरल घटनाओं पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि यह शो ऑल्ट पर स्ट्रीम होगा और वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ काम कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि ऑल्ट से उनका संबंध अविश्वसनीय रूप से सहयोगी और संतोषजनक रहा है। अंत में हम सभी अपने दर्शकों के लिए काम करते हैं।

उन्होंने ऑल्ट के लिए अपना प्यार साझा किया है और कहा कि कई सालों से उनके फॉलोअर्स में साल–दर–साल वृद्धि हुई है, और हमें उम्मीद है कि हम इसमें और अधिक जोड़ पाएंगे, जबकि हमें अपनी रचनात्मकता के लिए सराहा जाएगा।

## मौनी रॉय के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बी–टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच बवाल मचाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

# पैराग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर में ब्राजील को चौंकाया

असुनसियन, । जून 2008 के बाद पहली बार पैराग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर में ब्राजील को हराया, क्योंकि उन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन को 1–0 से हरा दिया। डिएगो गोमेज ने पहले हाफ में शानदार गोल कर इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।पैराग्वे नौ अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है और ब्राजील से केवल एक अंक पीछे है।गोल 20वें मिनट में हुआ, जब गोमेज को क्षेत्र के ठीक बाहर क्लीयरेंस की हुई गेंद मिली, उन्होंने गेंद को संभाला और अपने दाहिने पैर के बाहरी हिस्से से एक जोरदार शॉट लगाया जो पोस्ट से टकरा कर गोल में चला गया।ब्राजील ने जवाब देने की कोशिश की और रोड्रिगो को दूसरे हाफ की शुरुआत में एक शानदार मौका दिया



गया, लेकिन उसने लक्ष्य से ऊपर गेंद मार दी । बाद में पैराग्वे के डिफेंडर रेमन सोसा ने विनीसियस जूनियर को बराबरी के लिए टैप करने से रोकने के लिए अंतिम सेकंड में गेंद क्लीयर कर दी , इसके कुछ मिनट बाद गोलकीपर रॉबर्टो फर्नांडीज ने ब्राजीलियाई हमलावर को रोक दिया।अंत में, 17 मैचों में अपनी तीसरी क्वालीफाइंग जीत दर्ज करने के लिए पैराग्वे की रक्षा मजबूत रही।इससे पहले, इक्वाडोर ने पेरू की रक्षापंक्ति पर काबू पाते हुए 1–0 की घरेलू जीत में तीन अंक जुटाए, जिससे वह 11 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया, जबकि पेरू तीन अंकों के साथ सबसे नीचे है।बोलीविया ने सैंटियागो में चिली पर 2–1 की जीत के साथ 31 साल में घर से दूर अपना पहला विश्व कप क्वालीफायर जीतकर इतिहास रच दिया।माटुरिन में भारी बारिश के बीच, वेनेजुएला और उरुग्वे के बीच 0–0 की बराबरी रही, जिसमें वेनेजुएला को अपने चूके हुए मौकों पर अफसोस करना पड़ा।वेनेजुएला ने घरेलू क्वालीफायर में अपनी क्लीन शीट की लय को चार मैचों तक बढ़ाया, जबकि उरुग्वे ने बिना कोई गोल खाए लगातार पांच मैचों में क्लीन शीट हासिल की।

# पल-पल बदल रहा मौसम, घर-घर हो रहे बीमार

**● कभी धूप तो कभी बारिश ने बदला मौसम का मिजाज ● पल-पल बदलते मौसम से बढ़ने लगे वायरल के मरीज**



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में पर्ची बनवाने के लिए लगी मरीजों की लाइन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कभी धूप तो कभी बारिश पल-पल बदलता मौसम आमजन को बीमार करने लगा है। नतीजा, राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में प्रतिदिन बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। वायरल छोटे बच्चों को भी अपने प्रकोप में ले रहा है। ऐसे में चिकित्सक मरीज व उनके तीमारदारों को स्वास्थ्य की बेहतर देखरेख की सलाह दे रहे हैं।

सितंबर माह के साथ ही मौसम का मिजाज भी बदलने लगा है, जिसका असर आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। चिकित्सालय में आने वाले अधिकांश मरीज वायरल फीवर से ग्रसित है। सुबह से ही अस्पताल में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइनें लग रही हैं। ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के लिए भी मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बुखार और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में चले जाते हैं। बारिश के बाद तेज धूप में वायरस सक्रिय हो जाता है। ऐसे मौसम में बच्चों व बुजुर्गों का सबसे अधिक ध्यान रखा जाना चाहिए। घर में किसी भी व्यक्ति को वायरल की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

## वायरल बुखार के लक्षण

तेज बुखार आना, ठंड लगना, पूरे शरीर में दर्द होना, नाक से पानी आना, गले में खरास, हल्की खांसी आना

## वायरल से बचाव के तरीके

बारिश में भीगने से बचें, फ्रीज का ठंडा पानी न पिएं, तेज धूप में बाहर न निकलें, अधिक से अधिक पानी पिएं, घर के आसपास पानी जमा न होने दें, बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

## गर्भवती महिलाएं आयरन और कैलशियम की गोलियां नियमित रूप से लें

श्रीनगर गढ़वाल : गर्भवती माताओं को कुपोषण से बचाने के लिए डांगचौरा आंगनबाडी केंद्र में पोषण माह के अंतर्गत बुधवार को गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

बाल विकास परियोजना कीर्तिनगर के सेक्टर डांगचौरा में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारियां दी गई। माताओं को पोषण और स्तनपान सम्बंधित जानकारी एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैलशियम की गोलियों को नियमित रूप से लेने को कहा गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुबाला नौटियाल ने कहा कि गोद भराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की जरूरत के बारे में गर्भवती महिलाओं को अवगत कराना है।

# योग से निरोग रहने का दिया संदेश



आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते साधक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की ओर से आयोजित योग शिविर में लोगों को योग से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान योग शिक्षकों ने जीवन में योग के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया।

15 दिवसीय शिविर में क्षेत्रीय जनता ने व्यायाम व विभिन्न प्रकार के योगासनों का लाभ उठाया। समापन समारोह में बीबी ध्यानी व पूर्व पार्षद गीता नेगी मौजूद रहे। पंतजलि योग पीठ के योग प्रशिक्षक नीरज नेगी ने बताया कि विज्ञान शिविर में भ्रस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उदगीत सहित विभिन्न प्रकार के योगासन करवाए गए। शिविर में मंडूकासान, भुजंगासन, मर्कटासन, सूर्य नमस्कार जैसे व्यायामों की जानकारी दी। इस मौके पर सुरेश चंद्र कुकरेती, लक्ष्मण सिंह नेगी, पारेश्वर गौनियाल, बृजमोहन सिंह, प्रेम सिंह, अनुसुया नेगी मौजूद रहे।

# सूर्यनारायण पांडे को मिला विनोवा भावे स्मृति सम्मान




कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम सूर्यनारायण पांडे को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार,** सर्वोदय मंडल व कण्वाश्रम ग्राम स्वराज समिति की ओर से समाज सेवी सूर्य नारायण पांडेय को विनोवा भावे स्मृति सम्मान दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने विनोवा भावे के बताएं मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

भूदान आंदोलन के प्रणेता व भारत रत्न आचार्य विनोवा भावे की जयंती पर राजेश्वरी करुणा बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने विनोवा भावे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि समाज हित में दिए गए विनोबा भावे के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सभी को विनोबा भावे के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में वयोवृद्ध सूर्यनारायण पांडे को स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एमकेवीएन कण्वघाटी की छात्रा कृष्णा ने नशाबंदी पर प्रभाव-शाली भाषण भी प्रस्तुत किया। गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डा. सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि विनोवा भावे ने 13 मार्च 1948 को सर्वोदय समाज का गठन किया था। इसका उद्देश्य सत्य व अहिंसा पर चलकर ऐसे समाज का निर्माण करना था, जिसमें जात-पात का कोई भेदभाव न हो। जनार्दन बुड़ाकोटी ने कहा कि आचार्य विनोवा भावे ने 1951 में भूदान स्थापना 0की, जिससे पूरे देश में भूमिधरों से भूमि दान लेकर भूमिहीनों में आवंटित की गई। इस मौके पर लक्ष्मी देवी, पीएल खंतवाल, डा. बीसी शाह, मंजू रावत, रिपुदमन बिष्ट, शूरवीर खेतवाल, विनय रावत, इंदु नौटियाल, धर्मपाल सिंह बिष्ट, प्रकाश चंद्र कोठारी, अनिल कुमार, दीपा देवी, दीपक कुकरेती, नेत्र सिंह रावत, डॉ. गीता रावत शाह, बृजेन्द्र सिंह, प्रियांशी आदि मौजूद रहे।

## बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

### इंटर कॉलेज मोटाढाक में आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंटर कॉलेज मोटाढाक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहरत स्वास्थ्य विभाग की हेल्थ टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 220 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों को संक्रामक बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की क्षेत्रीय प्रबंधक निमी कुकरेती ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में अभिभावक व बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु चलाया जा रहा है। विभिन्न रोगों की जानकारी होने पर ही हम उनसे अपना बचाव कर सकते है। डा. अजय रयाल ने डेंगू बुखार के लक्षण व डेंगू बुखार को फैलने से रोकने के उपाय बताये। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. महावीर बिष्ट ने कोटद्वार क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते मामलों के चलते छात्र-छात्राओं से घर व स्कूल में पूरी बाजू के कपडे पहनने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रोगों की जानकारी में ही बचाव निहित है। डा. योगिता कोठियाल ने छात्र-छात्राओं को पौष्टिक व संतुलित आहार, स्वास्थ्य, सफाई, आहार वहार, डेंटल हाईजीन, ओरल हाईजीन से सम्बन्धित जानकारी दी। इसी के साथ विद्यालय में पोषण माह के उपलक्ष में टी-3 ट्राइआयोडोथायोरेनिन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं का हाईपो व हाईपर थाइराईड्के साथ हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. महावीर बिष्ट, डॉ. अजय रयाल, डॉ. योगिता कोठियाल, मनमोहन पटवाल, पूजा असवाल, अरविन्द सिंह, दीपा गुसाईं, सचिन बौठियाल, नीलम रावत, उपासना डोबरियाल, पूरन चंद्र बहुखंडी, कैलाश भट्ट, कैलाश पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, आरती कावड़ा, विवेक रावत आदि मौजूद थे।

## -खो-खो में जूनियर हाईस्कूल रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की दो दिवसीय संकुलस्तरीय प्रतियोगिताओं का बुधवार को समापन हो गया है। इस दौरान खो-खो प्रतियागिता में जूनियर हाईस्कूल ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

संकुल समन्वयक मनसूद हसन और वरिष्ठ शिक्षिका शाहीन के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 50 मी. दौड़ के प्राथमिक वर्ग में अंश, 100 मी. दौड़ में सानिया प्रथम स्थान पर रही। वहीं मानचित्र प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल बालक ने पहला और खो–खो में जूनियर हाईस्कूल बालिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# समिति ने दी चक्काजाम की चेतावनी, किया प्रदर्शन



तहसील में नारेबाजी करते समिति के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि : कोटद्वार :** जीएमओयू के सदस्यों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए हड़ताल पर बैठे जीएमओयू बचाव संघर्ष समिति के सदस्यां की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। सदस्यों ने जल्द उनकी मांगों का निराकरण नहीं होने पर चक्काजाम की भी चेतावनी दी। कहा कि कंपनी में चार वर्षों से ही कुछ लोग अपने चहेतों को संचालक बना रहे हैं। बुधवार को समिति के सदस्यों ने इस संबंध में तहसील में पहुंचकर प्रशासन से भी वार्ता की। समिति के अध्यक्ष सत्यानंद भट्ट ने प्रशासन के सम्मुख अपनी मांगे रखी। लेकिन वाहन स्वामियों की प्रशासन के साथ वार्ता बेनतीजा रही। वाहन स्वामियों ने तहसील परिसर में कंपनी में मनमानी दिखाने वालों के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। कहा कि पिछले तीन-चार सालों से अपने चहेतों को ही संचालक बनाया जा रहा है। विपक्षी उम्मीदवार को कोई न कोई बहाना बनाकर अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सक्षम अधिकारी की देखरेख में कंपनी के निष्पक्ष चुनाव करवाए जाने की मांग की है। कहा कि जो वाहन बिक चुके है, उन वाहनों को भी कंपनी में व्यवस्था में संचालित किया जाए। वाहन स्वामियों का कंपनी में जमा तीन प्रतिशत कमीशन को वापस दिलाया जाए। वाहन स्वामियों की सदस्यता को तत्काल बहाल किया जाए। मांगे न जाने पर वाहन स्वामियों ने अनिश्तकालीन चक्का जाम की घोषणा कर दी। कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक वह आंदोलन में डटे रहेंगे। इस मौके पर सुरेंद्र रावत, कोमल सिंह, बलराम सिंह, मातबर सिंह रौथाण, विनोद कुमार, दुर्गा प्रसाद, नरेंद्र सिंह नेगी, दरवान सिंह, गणेश प्रसाद, कुदंन सिंह, गजे सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छात्रों ने ली बेटी बचाओ की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय पाबौ में बेटी बचाओ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ की शपथ ली। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. तनुजा रावत ने छात्रों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है। इस मौके पर प्रो. सत्यप्रकाश शर्मा, डा. सुनीता चौहान, डा. मुकेश शाह, डा. सौरभ सिंह, डा. धनेंद्र सिंह, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

### कांग्रेस आज से शुरू करेगी द्वितीय चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : कांग्रेस की द्वितीय चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा गुरुवार से शुरू होगी। बुधवार को केदारनाथ जाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। माहरा ने जीएमवीएन सभागार में बैठक लेते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से दूसरे चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। कांग्रेस प्रदेश सचिव मीडिया रामलाल नौटियाल ने कहा कि प्रदेश के मठ मंदिरों को बचाने को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ऐतिहासिक यात्रा चला रही है। कहा कि हमारे मठ और मंदिरों को भाजपा साजिश के तहत अन्यत्र शिफ्ट करना चाहती है। जिसे कांग्रेस द्वारा कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होनें बताया गुरुवार को सीतापुर में सुबह साढ़े सात बजे सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण के उपरान्त सीतापुर से केदारनाथ के लिए यात्रा प्रारम्भ होगी तथा सायंकाल श्री केदारनाथ पहुंचेगी। बताया कि केदारानाथ में रात्रि विश्राम के बाद 13 सितम्बर को सुबह केदारनाथ में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, वींरेंद्र राणा, अंकित सिंह, बिरेंद्र सिंह राणा, उदय सिंह रावत, अनिल कुमार, सूरज घिल्ड़ियाल, बींरेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह, भवानी गायत्री, सतीश पटवाल, विनोद मैठाणी, रजनी देवी, सुमन आनंद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सार्थक, संतोषी, शुभम व सोनिया ने जीता स्वर्ण पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : चतुर्थ योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता में संस्कृति, सार्थक, संतोषी, शुभम, सोनिया ने स्वर्ण पदक जीता। इस दौरान सदस्यों ने आमजन को योग के महत्व के बारे में भी बताया।

विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित चतुर्थ योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, प्रतियोगिता संयोजक राकेश कंडवाल, जिला संयोजक भुवनेश्वर प्रसाद बगासी, स्थल संयोजक मनोज कुमार, सह स्थल संयोजक प्रदीप नौटियाल, गुरू राम राय विश्वविद्यालय देहरादून के योग एवं विज्ञान विभागाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद रियाल व कुलदीप मैंदोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।



कोटद्वार के विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी व आयोजक मंडल के सदस्य

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि योग हमारे भारत का गौरव है। इसलिए भारत के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। कहा कि शिविर में मौजूद आमजन से प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास की अपील की गई। कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ काया प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान 10-12 आयु वर्ग योग प्रतियोगिता में संस्कृति ने स्वर्ण, सौम्य ने रजत व अंजलि ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 में सार्थक कंडवाल ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, अंडर-18 में संतोषी ने स्वर्ण, मेघा ने रजत व यशिका ने कांस्य पद जीता। अंडर-28 में शुभम रावत ने स्वर्ण पदक जीत। अंडर-45 में सोनिया ध्यानी, दीप्ति गुसाई व प्रीति द्विवेदी ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीता। निर्णायक भूमिका में अभिषेक कंडवाल, संदीप सिंह, महेश सेमवाल, सोनम रावत रहे। कार्यक्रम में मनोज कुमार कुकरेती, रमाकांत कुकरेती, राजदीप माहेश्वरी, बबीता सिंह, किरन डोबरियाल, गुड्डी उनियाल आदि मौजूद रहे। संचालन कुलदीप मैंदोला ने किया।

## राइंका दोमटखाल में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय इंटर कॉलेज दोमटखाल में पेयजल सुविधा नहीं होने से छात्र-छात्राएं परेशान है। जिम्मेदार नागरिक मंच ने जल संस्थान के महाप्रबंधक को ज्ञापन भेजकर जल्द ही स्कूल में पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है।

महाप्रबंधक को भेजे गए ज्ञापन में जिम्मेदार नागरिक मंच के संयोजक धर्मवीर रावत ने कहा कि राइंका दोमटखाल जिला मुख्यालय पौड़ी से करीब 14 किमी. की दूरी पर स्थित है।

स्कूल में पिछले लंबे समय से पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। बताया कि कई बार जल संस्थान से लेकर जिला प्रशासन को पेयजल दिक्कत को लेकर शिकायत की गई, लेकिन आज तक पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाए गए। ज्ञापन देने वालों में मंजू देवी, अनीता, सुमन, प्रमोद, सुदेश कुमार, जगदीश सिंह, अतुल तड़ियाल, अरविंद खंडूड़ी, कैलाश आदि शामिल थे।

# बीरोंखाल में एक माह से नहीं मिल रहा पेट्रोल और डीजल, चालक परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीरोंखाल ब्लॉक के गुडिंडा पंप पर एक माह बाद भी वाहन चालकों को डीजल और पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही डीजल, पेट्रोल उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

गुडिंडा पंप पर एक माह बाद भी वाहन चालकों को डीजल और पेट्रोल न मिलने से लोग मजबूरी में अपने वाहनों के लिए लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर दूर रामनगर, कोटद्वार, पौड़ी से डीजल और पेट्रोल लाकर काम चला रहे हैं। जय कालिंका मां टैक्सी-मैक्सी यूनियन अध्यक्ष संजय धोलाखंडी, अभिषेक नेगी, जेटी सिहं, धर्मेन्द्र सिहं, तेजपाल सिंह, कुलदीप नेगी का कहना हैं कि गुडिंडा डीजल पंप पर डीजल और पेट्रोल नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रहीं हैं। वह अपने वहानों को चलाने के लिए पौड़ी, रामनगर, कोटद्वार से डीजल और पेट्रोल लाकर काम चला रहे हैं। बताया कि पौड़ी से लेकर रामनगर के बीच कोई डीजल और पेट्रोल पंप नहीं हैं। क्षेत्र का एक मात्र डीजल पंप गुडिंडा में हैं जो एक माह से बंद हैं। पंप बंद रहने से बीरोंखाल, बैजरों, थलीसैंण, रसिया महादेव, बेदीखाल, मैठाणाघाट, चौखाल, धुमाकोट घुमने आ रहे पर्यटकों सहित आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। उधर बीरोंखाल की सहायक खाद्य निरीक्षक शशीकला रावत ने बताया कि गुडिंडा डीजल पंप संचालक बीमार होने से उनके द्वारा केवाईसी नहीं कराई गई हैं। इससे लेन-देन करने में दिक्कत हो रही हैं। पंप संचालक को शीघ्र डीजल और पेट्राल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# भाषण में ज्योति, कहानी लेखन में साक्षी, पोस्टर में आस्था रही अव्वल



**जयन्त प्रतिनिधि।थलीसैंण :** विकासखंड पाबौ में युवा महोत्सव 2024 में भाषण, कहानी लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह गुसाईं भाषण प्रतियोगिता में ज्योति ग्राम सिमखेत प्रथम, स्नेहा भंडारी ग्राम कोटा द्वितीय, रोहित भंडारी ग्राम कोटा तृतीय स्थान पर रहा। कहानी लेखन प्रतियोगिता में साक्षी ग्राम कोटली प्रथम, ज्योतसता ग्राम सिमखेत द्वितीय, रिया पाबौ और आरूषी ग्राम खंडुली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आस्था ग्राम कोटल, तुलसी ग्राम पाली, शालिनी ग्राम कोटा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को खंड विकास अधिकारी धूम सिंह ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है और उनकी छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। कहा कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

## डीएसीई के छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मिली सफलता

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अपनी स्थापना के दूसरे वर्ष में ही केंद्र के लगभग 10 अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। वर्ष 2024 की राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में केंद्र के 3 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसी वर्ष उत्तराखंड सचिवालय सेवा प्रारंभिक परीक्षा में भी केंद्र के 2 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की है। इसके अलावा अन्य अभ्यर्थियों द्वारा केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग, भारतीय खाद्य निगम, एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एफकेट), सहायक उद्यान अधिकारी और यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी परीक्षाओं में भी सफलता पाई है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल एवं अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने पूनम, मंजीत, प्रतिमा दास, शैलजा सिंह, आदित्यराज, सौरभ कुमार, सार्थक राज आदि छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। प्रो. सेमवाल ने विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल एवं विवि प्रशासन का आभार प्रकट किया है। केंद्र के शिक्षक डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. प्रकाश कुमार सिंह एवं डॉ. भरत कुमार ने भी सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। (एजेंसी)

# दौड़ मे मनन व सपना रहे प्रथम



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राथमिक स्तर पचास मीटर दौड़ बालक वर्ग में मनन व बालिका वर्ग में सपना ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक खेल समन्वयक अमर सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह, दीपक रावत, विनोद कुमार, शिव प्रसाद भारद्वाज, अनुराग बौंठियाल, कुलदीप, प्रवीन सिंह, पंकज नौटियाल, हरी सिंह, बलदेव, सुनीता देवी ने किया। संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल सात विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथमिक स्तर पचास मीटर दौड़ बालक वर्ग में मनन व बालिका वर्ग में सपना प्रथम रही। छह सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में सलोनी, जूनियर दो सौ मीटर बालक वर्ग में अभिनव, बालिका वर्ग में कनिष्का प्रथम रही। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

## एक नजर

### प्रसव कक्षों में स्वच्छता बनाए रखना जरूरी

ऋषिकेश। हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एचआईएमएस) में बुधवार को वैश्विक, सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों और स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य को आकार देने में युवा पेशेवरों की भूमिका को लेकर मंथन किया गया। जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू के हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज में व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता भारत में यूनिसेफ के स्वास्थ्य प्रमुख लूई डी एक्विनो ने चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने निवारक और प्रोत्साहन स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महामारी और टेली मेडिसिन की बढ़ती भूमिका और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की बदलती स्थिति पर प्रकाश डाला। कहा कि उपचारात्मक देखभाल के बजाय निवारक पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा जैसी नीतियों के साथ मातृ और नवजात देखभाल में भारत की प्रगति को उल्लेखनीय बताया और प्रसव कक्षों में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। मौके पर एचआईएमएस के प्राचार्य डॉ. एके देवरारी, डॉ. जयंती सेमवाल, डॉ. शैली व्यास, डॉ. नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नाला चौक, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई के वार्ड नंबर–दो में एनएच किनारे बना नाला चौक हो गया है। इससे बरसात और दुकानों का पानी सड़क पर इकट्ठा हो रहा है। इससे आने–जाने वाले राहगीरों को दिक्कतें हो रही है। वार्ड नंबर–दो हरिपुर सड़क पर दोनों तरफ नाले बने हुए हैं। लेकिन नालों की सफाई न होने के कारण यह चौक हो गए हैं। इससे बारिश और दुकानों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क पर पानी भरा होने के कारण जहां सड़कों को नुकसान हो रहा है, वहीं राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अनूप मनोगा, कुंदन सिंह नेगी, द्वारिका सेमवाल, अनिरुद्ध बेंजवाल, अजय खत्री ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से तत्काल नाला साफ कराने की मांग की है। उधर, अधिशासी अधिकारी एमएल शाह का कहना है कि नालों को साफ करने के लिए एनएच को पत्र लिखा गया है। फिलहाल नालों की सफाई पंचायत की ओर से की जाएगी।

### तनुजा जोशी बनी अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की महिला प्रदेश अध्यक्ष

हल्द्वानी। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की महिला कार्यकारिणी का विस्तार कर तनुजा जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। बुधवार को कुसुमखेड़ा में हुई बैठक में मंजू दानू बिष्ट और कल्पना रावत को उपाध्यक्ष और दीप्ति चुफाल को महिला लीगल सेल की जिम्मेदारी दी गई। महिला कार्यकारिणी नगर के लिए डॉ. अंकिता चांदना नगर सचिव, सुरभि रस्तोगी और रेनू डसीला उप नगर सचिव और रेनू शर्मा को नगर उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री लाखन सिंह निगल्टिया, लता बोरा, शांति जीना, उम्रा कुमार, संजय त्यागी, अतुल गुप्ता, डिम्पल पांडे, परविंदर नागपाल, चंदन सिंह बिष्ट, भुवन भट्ट, अतुल गुप्ता, भूपेश बिष्ट, बालम जोशी, अमित चौहान, संजय त्यागी, दीपक जोशी, रोहित कर्मयाल, राहुल जोशी, मेघा जोशी, काजल खत्री, ज्योति अवस्थी, मंजू शाह, योगिता बनौला, मोनिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गणपति बप्पा के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन किया

पिथौरागढ़। नगर में गणेश चतुर्दशी पर गणपति बप्पा के जयकारों के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। बुधवार को मराठा समाज के लोगों ने यहां गणपति बप्पा की प्रतिमा के साथ बाजार में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। बाद में सेराघाट में सरयू नदी पर विधि विधान से गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन किया। यहां जीवन धानिक, अमित सस्ते, विजय मराठा, पप्पू मराठा, राहिलराज मराठा, अनितश मराठा, सुखवीर मराठा, अनुराग मराठा, अभिषेक मराठा, अमित मराठा, परशुराम मराठा, रंजीत मराठा, मोहित महरा, होशियार बाफिला, दीप पंत, दीपक कालाकोटी, जीवन पंत, कमलेश पंत, लोकेश पंत, मनोज डोबाल, गणेश कालाकोटी, राहुल महरा, बबलू धपोला, हेम नेगी, बलवंत धानिक, कौस्तुभ पंत, भूपेन्द्र भंडारी, सुषमा, शीतल, समृद्धि, दीपा बाफिला, कविता पंत, उर्मि उप्रेती, सुनीता पंत, सुषमा, कविता, देवकी, हीना आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा डालने वाले पर लगाया 1 लाख का अर्थदण्ड



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल शहर की सफाई व्यवस्थाओं की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कूड़ा सम्बन्धी शिकायतों पर नगर निगम के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।नगर निगम में व्यवस्था परिवर्तन का असर दिखा। नगर निगम देहरादून द्वारा राजीव गांधी कॉम्प्लेक्स और नई तहसील परिसर की सफाई के लिए अनुबंधित उड़ा संस्था के ठेकेदार अमीर कुरैशी पुत्र बशीर कुरैशी के विरूद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए 01 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वालों पर नजर रखी जाए तथा ऐसा करते हुए पाए जाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाए। बताया गया कि कूड़ा बीनने वालों द्वारा बेकार कूड़ा सार्वजनिक स्थल पर डाल दिया जाता है, जिससे किन्ही–2 स्थलों पर कूड़े के ढेर लग जाते हैं। पुरानी तहसील में कूड़ा जमा होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को उक्त स्थल पर कूड़ा हटाने तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए, जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा मुख्य नगर आयुक्त की मौजूदगी में सफाई करवाई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप नगर आयुक्त ने आज सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, कूड़ा वाहन संचालन, आदि का औचक निरीक्षण किया। नगर निगम से अनुबन्धित कम्पनी इकोनवेस्ट मैनजेमेंट सिस्टम, वाटग्रेस, सनलाईट कम्पनी के कूड़ा उठान रूट, वाहन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन निर्धारित संख्या से कम पाए गए कुछ वाहन खराब पाए गए, जिस पर सम्बन्धित कम्पनियों को नोटिस दिए गए ।

### शक्ति नहर में कूदे व्यक्ति का शव बरामद

विकासनगर। बीती तीन सितंबर को शक्ति नहर में कूदे व्यक्ति का शव ढकरानी पावर हाउस के इंटेक से बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ ने शव को जिला पुलिस के हवाले कर दिया है। मालूम हो कि बीती तीन सितंबर को एक व्यक्ति रात को शक्ति नहर में कूद गया था।

उसकी पहचान सरदार शर्मा पुत्र मेजर सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस और एसडीआरएफ ने इसके बाद लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन डूबे व्यक्ति का कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

बुधवार को डाकपत्थर चौकी पुलिस ने ढकरानी पावर हाउस के इंटेक में एक शव दिखने की जानकारी एसडीआरएफ को दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम के मुख्य आरक्षी बलवीर सिंह बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को इंटेक से निकाल कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दो सूत्रीय मांग को 29 को होगी महारैली

ऋषिकेश। मूल निवास एवं भू–कानून समन्वय संघर्ष समिति 29 सितंबर को ऋषिकेश में महारैली निकालेगी।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर समिति सदस्यों ने आईडीपीएल से लेकर त्रिवेणीघाट तक रैली निकालने का फैसला लिया है। नशा के खिलाफी प्रभावी कार्रवाई को लेकर भी समित सदस्यों ने आवाजा बुलंद की है। मंगलवार को ढालवाला स्थित एक वैडिंग प्वाइंट में आयोजित समिति की बैठक में मूल निवास और सशक्त भू–कानून को लेकर जोरदार आवाज उठी। समिति सदस्यों ने प्रदेश के भविष्य के लिए इन दोनों ही कानूनों को अहम बताया। कहा कि इससे ही राज्य की सांस्कृतिक व अस्मिता बरकरार रहेगी। बोले, मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन अभीतक सरकार का कोई सकारात्मक रूख नहीं दिखा है।

समिति से जुड़े मोहित डिमरी ने बताया कि 29 सितंबर को ऋषिकेश में महारैली तय की गई है, जिसमें सदस्यों के साथ ही राज्य के लोग भी जुटेंगे। इस दौरान आईडीपीएल से लेकर त्रिवेणीघाट तक सभी मांग को लेकर नारेबाजी करेंगे। बताया कि ऋषिकेश क्षेत्र में बढ़ते नशे की रोकथाम व अपराध की रोकथाम को लेकर भी रैली में आवाज बुलंद की जाएगी।

मौके पर समिति सदस्य लूसन टोटरिया, प्रंचल नौड़ियाल, लक्ष्मी प्रसाद रतूडी, सुरेंद्र सिंह नेगी, उम्रा चौहान, सरोजनी थपलियाल, कुसुम जोशी, महिपाल सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह भंडारी, घनश्याम नौटियाल, सत्येंद्र सिंह चौहान, अनिल बहुखंडी, विजय असवाल, संजय बड़ोला, चिंतामणि सेमवाल, उम्रा डोभाल, महिपाल सिंह बिष्ट, राजीव कोठारी, दिलबर बिष्ट, विजय असवाल, यशवंत सिंह रावत, रमाबल्लभ भट्ट, आशुतोष कोठारी आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को दिमाग संतुलित रखने के टिप्स दिए

ऋषिकेश। ओंकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को आयोजित गेस्ट लेक्चर में वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग के महत्व की जानकारी दी। मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी संस्थान में रजत जयंती समारोह के पांचवें दिन छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित गेस्ट लेक्चर का शुभारंभ एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी के पूर्व डीन प्रो. डीएस नेगी और संस्थान के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार राठी ने किया। निदेशक डॉ. प्रवीण राठी ने कहा कि आज के युग में संतुलित दिमाग की बहुत अधिक आवश्यकता है। सभी छात्र–छात्राओं को अपने दिमाग को संतुलित रखते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने आप को तैयार रखना चाहिए। प्रो. डीएस नेगी ने छात्र–छात्राओं को न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग के महत्व बताए। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने दिमागी संतुलन को बनाए रखने के लिए दिमाग में एक प्रोग्रामिंग की जरूरत होती है। उन्होंने दिमाग को संतुलित बनाए रखने के टिप्स दिए और इसका उपयोग अपनी शिक्षा को बेहतर बनाने में करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस बदलते युग में न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग की जरूरत है और छात्र–छात्राएं अपने दिमाग को संतुलित बनाए रखने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। भूतपूर्व प्रधानाचार्या पुष्पा नेगी ने बायोकेमेस्ट्री के उपर छात्र–छात्राओं को बहुत ही संक्षिप्त में अपने विचार व्यक्त किए गए। उन्होंने बताया कि समय–समय पर कैसे शरीर में अलग–अलग केमिकलों का निर्माण होता है और कैसे वह अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। मौके पर प्रबंध संकाय अध्यक्ष डॉ. विकास गैरोला, प्रमोद उनियाल, डॉ. संतोष डबराल, सनिल रावत आदि उपस्थित रहे।

### फीका नदी में खनन करने पर 22 लाख रुपये पेनल्टी लगाई

काशीपुर। हाईकोर्ट की रोक के बाद भी फीका नदी में खनन होने पर विभाग ने माफिया पर 22 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई है। जबकि चार डंपरों को सीज किया है। बता दें कि शुक्रवार देर रात गांव किशनपुर में जैनेसिस स्कूल के आगे फीका नदी में अवैध खनन होने की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार और अन्य राजस्व कर्मियों ने घेराबंदी कर चार खाली डंपरों को पकड़ लिया था। जबकि चार डंपर और जेसीबी को लेकर चालक दूसरे रास्ते से भी गए थे। टीम ने मौके पर एआरटीओ को बुलाकर चारों डंपरों का चालान कर सीज कराया था।

### स्वयं से प्रश्न पूछने की आदत डालें छात्रः डा. संतोष

ऋषिकेश। रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एम्स ऋषिकेश ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें एम्स के चिकित्सकों ने छात्रों को आत्महत्या रोकथाम से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी। बुधवार को वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के उपलक्ष्य में एम्स ऋषिकेश द्वारा रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पशुलोक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के अपर–आचार्य और सोशल आउटरिच सेल के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य दुनियाभर में सुसाइड जैसा कदम नहीं उठाने को लेकर जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। जिससे विभिन्न कारणों से बढ़ते आत्महत्या के मामलों को रोका जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपको स्वयं से प्रश्न पूछने की आदत को डालना होगा,

# विद्यालयी खेलकूद में खिलाड़ियों ने मैदान पर दिखाया दमखम

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत बुधवार को जौनसार बावर से लेकर पछुवादून तक खिलाड़ियों ने मैदान पर अपना दमखम दिखाया। चकराता ब्लॉक की मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत मिनी स्टेडियम त्यूणी में हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रीतम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी हैं। प्राथमिक वर्ग 50 मीटर दौड़ में ईशान, अदिति प्रथम, कृष्णा, आरुषि द्वितीय, इरफान, सुहानी तृतीय स्थान पर रहे। सौ मीटर दौड़ में इशांत, नव्या वर्मा प्रथम, गोलू, अदिति द्वितीय, रोहित, आरुषि तीसरे स्थान पर रहे। दो सौ मीटर दौड़ में अंश, नव्या वर्मा प्रथम, इरफान, अदिति द्वितीय, आशीष, संदिरा तृतीय, चार सौ मीटर में नवीन, अदिति प्रथम, भानू चौहान, रितिका खोलरा द्वितीय और कनेश, प्रिया सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। दूसरी ओर विकासनगर ब्लॉक के माध्यमिक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग कबड्डी के मुकाबले संपन्न हुए। अंडर–19 वर्ग के पहला सेमी फाइनल में जैन बालिका इंटर कॉलेज ने 32–22 के अंतर से रेनबो पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमी फाइनल में महर्ष अरविंद घोष इंटर कॉलेज डाकपत्थर ने राइंका सभावाला को 22–18 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में महर्षि अरविंद घोष ने 38–22 के अंतर से जैन बालिका इंका विकासनगर को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर–17 वर्ग के टाई ब्रेकर तक पहुंचे रोमांचक फाइनल मुकाबले में महर्षि अरविंद घोष इंका ने एक अंक से सरस्वती विद्या मंदिर इंका बाबूगढ़ का हराकर खिताब पर कब्जा किया।

### 80 प्रतिशत छूट पर सोलर पंप लगवा रहा लघु सिंचाई विभाग

काशीपुर। किसानों की सुविधा एवं लाभ देने को लघु सिंचाई विभाग 80 प्रतिशत छूट पर सोलर पंपों को लगवा रहा है। इसके लिए किसानों से आवेदन लिए जा रहे हैं। विभाग अब तक 47 सोलर पंप लगा चुका है। बुधवार को लघु सिंचाई विभाग के जेई इकबाल अहमद ने बताया कि विभाग पांच हार्स पावर क्षमता के सोलर पंप की कीमत 3.16 लाख रुपये के करीब है। जबकि साढ़े सात हार्स पावर की लागत 4.28 लाख रुपये के करीब है।

# सुरक्षाकर्मी करें तैनात, कर्मचारियों का सत्यापन कराएं



ऋषिकेश। कोतवाल राजेंद्र सिंह खोलिया ने सर्राफा कारोबारियों को दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षाकर्मी की तैनाती करने तथा कर्मचारियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को सर्राफा कारोबारियों के साथ बैठक कर कोतवाल ने सुरक्षा के संबंध में कई बिन्दुओं पर चर्चा की। साथ ही अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए कारोबारियों से सहयोग भी मांगा। लापरवाही बरतने पर उन्होंने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। कोतवाली में आयोजित बैठक में कोतवाल ने नगर क्षेत्र के सर्राफा कारोबाारियों का हालचाल जाना। बताया कि ज्वेलर्स को दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और 90 दिन का कम से कम बैकअप रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने कारोबारियों को दुकानें में सुरक्षाकर्मी की तैनाती की भी हिदायत दी। कामकाज करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन कराने को निर्देशित किया। दुकान में मुंह ढककर, मास्क पहनकर और हेलमेट लगाकर पहुंचने वाले व्यक्तियों को टोकने के लिए भी कहा। दुकानों में चेकिंग रजिस्ट्रर और पुलिस अधिकारियों से लेकर बीट कांस्टेबल का मोबाइल पर रखने के भी निर्देश दिए।

### स्टेपनी और डोर फाइबर में भरकर हल्द्वानी पहुंची तीन किलो चरस

हल्द्वानी। कार की स्टेपनी और डोर फाइबर में छिपाकर लाई जा रही तीन किलो चरस पुलिस ने बरामद की है। मुक्तेश्वर निवासी व्यक्ति यह खेप चम्पावत जिले के देवीधुरा से खरीदकर इसे हल्द्वानी में खपाने ला रहा था। काठगोदाम पुलिस ने मंगलवार देर रात मैकेनिक बुलाकर कार के विभिन्न हिस्सों को खुलवाकर चरस बरामद की। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। बुधवार को बहुद्देशीय भवन में एसएसपी पीएन मीणा ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसओ विमल मिश्रा और खेड़ा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार टीम के साथ मंगलवार देर रात कुंवरपुर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। बताया कि गौलापार मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम को देखकर कार दौड़ानी चाही लेकिन सामने से अचानक एक ट्रक आ जाने पर कार रोकनी पड़ी। पीछा कर रही पुलिस टीम ने इस व्यक्ति को गाड़ी से उतारकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मुक्तेश्वर के ग्राम बेड़ीचूला निवासी नंदन सिंह पुत्र भवान सिंह बताया। आरोपी ने कबूला कि वह कार के विभिन्न हिस्सों में छिपाकर चरस ला रहा है।

पुलिस ने देर रात ही मैकेनिक बुलाकर कार के विभिन्न हिस्सों को खुलवाकर स्टेपनी, डैशबोर्ड और डोर फाइबर में छिपाकर रखी गई कुल तीन किलो 14 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह देवीधुरा से चरस खरीदकर हल्द्वानी में बेचने के इरादे से ला रहा था।


जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338


# विज्ञान ज्योति प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्राओं ने सीखे विज्ञान के प्रयोग



अल्मोड़ा। मानसखण्ड विज्ञान केंद्र स्यालीधार में बुधवार को एक दिवसीय विज्ञान ज्योति हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अल्मोड़ा के जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत, राजकीय इंटर कॉलेज ताड़ीखेत और केंद्रीय विद्यालय रानीखेत की 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईटीबीपी अल्मोड़ा के कमांडिंग ऑफिसर पुनीत सचदेवा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्राओं का योगदान महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि जी.बी. पंत पर्यावरण संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार साहनी ने कहा कि ये कार्यशालाएं विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती हैं। यूकोस्ट के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. सामंत ने कहा कि विज्ञान ज्योति जैसे कार्यक्रम छात्राओं को नई सोच और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करते हैं, जिससे वे भविष्य में समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर मानसखण्ड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन चन्द्र जोशी ने कहा कि विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशालाओं से बच्चों को वैज्ञानिक विधियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे वे न केवल अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करते हैं बल्कि भविष्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यशाला के सफल आयोजन में मानसखण्ड विज्ञान केंद्र के प्रदीप तिवारी, मनीष पालीवाल, तमन्ना जोशी, भास्कर मिश्रा, संजय कनवाल, उमेश कुमार और पारस कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को कोडिंग और रोबोटिक्स, खाद्य मिलावट और विज्ञान के जादू पर आधारित कार्यक्रम भी देखने का अवसर मिला, जिसने उनकी रुचि और ज्ञान को और अधिक बढ़ाया। विज्ञान ज्योति अल्मोड़ा के कार्यक्रमों की समन्वयक रश्मि पांडेय ने कहा कि वह भविष्य में भी मानसखण्ड विज्ञान केंद्र में विज्ञान ज्योति के विभिन्न कार्यक्रम को कराना चाहेंगी।


उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित निविदा सं. 11 / 24–25 से निविदा सं. 12/24–25 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 19.09.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि. 20.09.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक: 1866/विविखको/टी–6 दिनांक: 11.09.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)


# नंदाष्टमी पर नंदादेवी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में नंदा देवी महोत्सव की धूम मची हुई है। कदली वृक्षों से मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। उसके बाद मां की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अष्टमी के अवसर पर बुधवार को मां के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।

पारंपरिक रीति के अनुसार कदली वृक्षों से स्थानीय कलाकारों ने माँ नंदा सुनंदा की मूर्ति का निर्माण किया। मूर्ति का पारंपरिक परिधान से श्रृंगार किया गया। उसके बाद मंदिर ने देर रात्रि पूजा अर्चना कर विधि विधान से मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मां की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद नंदा देवी मंदिर में देर रात तक पूजा पाठ, मंत्र और अनुष्ठान किये गए। इस पूजा में चंद वंशज नरेंद्र चंद राज सिंह को उनके राज पुरोहित नागेश पंत ने पूजा कराई। देर रात तक विशेष पूजा अर्चना की गई। शंख घंटों और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। बुधवार को अष्टमी के दिन सुबह से ही दर्शन को भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही नंदा देवी मंदिर सहित त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी भक्तों का तांता पूजा अर्चना के लिए लगा रहा। मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद पाठक ने बताया कि कदली वृक्ष से बनाई गई मां नंदा सुनंदा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूजा रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक चली।

### देहरादून जा रही महिला यात्री से ट्रेन में चेन स्नेचिंग

हल्द्वानी। काठगोदाम एक्सप्रेस से दून जा रहीं एक महिला यात्री के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर बदमाश फरार हो गया। लालकुआं स्टेशन से जब ट्रेन चलने लगी, तब बदमाश ने खिड़की से हाथ डालकर महिला का मंगलसूत्र झपट लिया। देहरादून निवासी महिला ने वहां जीआरपी थाने में तहरीर दी, जो जांच के लिए जीआरपी काठगोदाम थाने को ट्रांसफर कर दी गई। देहरादून जीआरपी थाने में दी तहरीर के अनुसार, दून की ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी गीतांजलि मेहरा बीती पांच सितंबर को ट्रेन संख्या 14119 काठगोदाम एक्सप्रेस से देहरादून जा रही थीं। ट्रेन के कोच एस–01 में उनकी आरक्षित सीट थी।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 157-DRM-MB-24-25 Dt. 10.09.2024 | 158-DRM-MB-24-25 Dt. 10.09.2024 | 159-DRM-MB-24-25 Dt. 10.09.2024 | 160-DRM-MB-24-25 Dt. 10.09.2024 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Setting up of new railway goods shed at Bundki (BEK) Railway Station under the jurisdiction of ADEN/NBD. | Provision of infrastructural facilities, monitoring mechanisms, FOIS/TMS and facilities for merchants at Amroha goods under the jurisdiction of ADEN/GJL. | Replacement of 15 nos. abandoned / dilapidated gang quarter at AMRO under Sr. DEN/IV/MB. | Replacement of 15 nos. abandoned / dilapidated gang quarter at HPU under Sr. DEN/IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 08.10.2024 | 08.10.2024 | 08.10.2024 | 08.10.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,61,29,740.51 | 1,38,92,580.88 | 2,15,82,428.55 | 2,18,64,530.77 |
| धरोहर राशि | 3,80,700.00 | 2,19,500.00 | 2,57,900.00 | 2,59,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 माह | 10 माह | 10 माह | 10 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 24.09.2024 | 24.09.2024 | 24.09.2024 | 24.09.2024 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक - 11.09.2024 2847/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ